## नपा की निष्क्रियता के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** नगर पालिका जुन्नारदेव की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचार और नागरिक सुविधाओं में घोर लापरवाही को लेकर आज कांग्रेस पार्टी ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव ने नगर पालिका के खिलाफ गगनभेदी नारे लगाते हुए आक्रोश प्रकट किया और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका की निष्क्रियता को लेकर जबरदस्त नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी!कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में नगर पालिका के खिलाफ एक के बाद एक कई गंभीर आरोप लगाए। नेताओं का कहना है कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है, नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारी कान में तेल डालकर बैठे हुए हैं।



पेयजल संकट से त्रस्त जनता- नगर में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। जहां जनता को महीने भर का शुल्क देना पड़ रहा है, वहीं पानी महज 8 दिन ही दिया जा रहा है। जल आपूर्ति का हाल इतना बुरा है कि दूषित पानी दिया जा रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।, डेम पेयजल योजना में भ्रष्टाचार- वर्षों पहले मंजूर हुई डेम पेयजल योजना अब तक अधूरी है। इसके लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन ठेकेदारों और प्रशासन की लापरवाही से योजना अधर में लटकी हुई है।, नगर में गंदगी का साम्राज्य- जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं, लेकिन नगर पालिका ने आँखें मूँद रखी हैं। नियमित कचरा निस्तारण नहीं हो रहा, जिससे नागरिक संक्रमण का शिकार हो रहे हैं ।, खेल मैदान की दुर्दशा- नेहरू स्टेडियम के खेल मैदान की स्थिति बदहाल हो चुकी है। बच्चे वहां खेल नहीं पा रहे, जबकि प्रशासन इसे सुधारने की कोई सुध नहीं ले रहा। कांग्रेस ने मांग की है कि जल्द से जल्द इसका उद्धार किया जाए।

रेलवे और डब्ल्यूसीएल की जमीन पर अवैध कब्जे- नगर पालिका द्वारा रेलवे और डब्ल्यूसीएल की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। इससे शहर में अव्यवस्था फैल रही है। बाजार क्षेत्र की दुर्दशा- नगर के प्रमुख बाजारों में गंदगी और अव्यवस्था का माहौल है। व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए शौचालय तक की सुविधा नहीं है। इस कारण बाजार आने वाले नागरिक परेशान हो रहे हैं। 14 अप्रैल से पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाए- कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती से पहले उनकी प्रतिमा स्थापित नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन होगा। जल आवर्धन योजना में भारी गड़बड़ी- पाइप लाइन विस्तार के लिए 22 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद योजना पूरी नहीं हुई। 90 लाख रुपये की अग्रिम राशि भी ठेकेदारों को दे दी गई, लेकिन काम अभी भी अधूरा है।

कांग्रेस ने दी चेतावनी - जल्द समाधान नहीं तो उग्र आंदोलन!*प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका प्रशासन को सख्त चेतावनी दी कि अगर इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़कों पर बड़ा आंदोलन करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि नगर की जनता मूलभूत सुविधाओं के अभाव में त्रस्त है और नगर पालिका अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है।

## गोवंश के गले में रेडियम बेल्ट पहनाया



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव नगर के सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे के मार्गदर्शन में युवा समाजसेवी शंकर राय द्वारा सड़कों पर घूम रही गौ माता की रक्षा के लिए अभियान चला जा रहा है उन्होंने 1 हजार गोवंश के गले में रेडियम के बेल्ट पहनाने का संकल्प लिया है,गाय के गले में पहनाएं जा रहें बेल्ट सबसे पहले गाय को रोटी देकर कुछ देर सहलाया जाता है।

बांधा जाता है कुछ गायों को बेल्ट बांधने में 10 से 50 मिनट तक का समय लग जाता है। यह संकल्प तब तक नहीं रुकेगा जब तक की हमारे नगर में हर गाय के गले में रेडियम बेल्ट ना दिखने लगे जिससे कि दुर्घटना में गौ माता के घायल होने के चांस कम हो जाए।

जिससे गो माता सुरक्षित रहेगी एवं दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो जाएगी।

इस अभियान में प्रमुख रूप से समाजसेवी शंकर राय, अंकुर पाठक, योगेश सोनी, राजा पटेल, दीपक रजक, महेंद्र मेहरा, दीपक ठाकुर, सीताराम रजक, डॉ सिद्धार्थ रजक और अन्य सदस्यों का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

## सार-समाचार

### 15 दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ

**सौसर, देशबन्धु।** ग्राम बेरडी मे 23 मार्च से 15 दिवसीय भव्य समर कैंप का शुभारंभ हुआ। जो कि गजानन महाराज मंदिर के निकट श्री लुढ़ेकर के खेत मे हों रहा है। यहां बच्चो को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और विभिन्न खेल, योग, ड्रिल, सेल्फ डिफेंस, एरोबिक डांस, व्यायाम और मनोरंजन खेल, और पुलिस, आर्मी और सभी फोर्स के फिजिकल कि भी ट्रेनिंग दी जा रही है। यहां 10 साल से 25 साल तक के विधार्थी शामिल हुए है।इस कैंप में मुख्य प्रशिक्षक एक्स. बीएसएफ फुलसिंग इवनाती और वीर जवान फिजिकल अकेडमी के सदस्य गण शामिल है।

बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए ग्राम बेरडी की सरपंच संगीताताई गावंडे और जनपद सदस्य गायत्रीताई गायकवाड और ग्राम से पधारे अरूणजी गावंडे, बाल्याजी गायकवाड, श्री लुढेकर, प्रफुलजी सिते, हरिहर गुर्वे आदि मौजूद थे। और एकेडमी से विकास वाघ, अजय बविस्टाले विशाल रूंघे, ऋषि कोठेकर, राहुल उइके, प्रियांशु वाहने, रोहित उईके, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### पेंच टाईगर रिजर्व के कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** उपसंचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी अंतर्गत क्षेत्रीय कर्मचारियों के लिए सोमवार 24 मार्च को पर्यटक सुविधा केंद्र, खवासा मे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विभिन्न प्रावधान सहित अपराध प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया, सायबर अपराध, कानून व्यवस्था सम्बन्धी परिस्थिति, मुखबिर तंत्र विकास आदि विषयों पर जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट, थाना प्रभारी बरघाट, कुरई एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।पेंच प्रबंधन की और से इस दौरान वन अमले को विधि विषयक सामग्री भी उपलब्ध कराई गईं।

### हायर सेकेंडरी परीक्षा में 114 रहे अनुपस्थित

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा वर्ष 2024-25 अंतर्गत दिनांक 24 मार्च 2025 को विषय राजनीतिशास्त्र की परीक्षा जिले के 78 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। हायरसेकेण्डरी की राजनीतिशस्त्र विषय की परीक्षा में दर्ज 6495 विद्यार्थियों में से 6351 उपस्थित तथा 144 अनुपस्थित पाये गये।

### मंदिर को किया गोदान

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम रामाकोना से कुछ किलोमीटर दुरी पर स्थित ग्राम देवी में आज 24 मार्च 2025 दिन सोमवार को श्री क्षेत्र पंढरीनाथ देवस्थान देवी में राजेंद्र भक्ते सह परिवार पहुंचकर मंदिर को गौ दान की गई । यह मंदिर वर्षों पुराना है इस मंदिर से कई पीढियों से आस्था है पंढरीनाथ भगवान का दर्शन प्राप्त करके आशीर्वाद प्राप्त किया पुरी विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने के पश्चात मंदिर परिसर में जाकर मंदिर के गृह गर्भ में पंढरीनाथ भगवान के समक्ष आराधना करके गौदान की गई द्ध इस अवसर पर कैलाश भक्ते, रामराव धुन्डे श्याम राव भक्ते दुर्गाबाई भक्ते वंदना बाई भक्ते सुभाष बड़वाईक उपस्थित थे।





## मुख्यमंत्री का किया गया जबरदस्त स्वागत

**पीपला नगर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री के स्वागत का पीपला नगर में जबरदस्त स्वागत किया गया। स्वागत पीपला बस स्टैंड पर प्रथम नगर आगमन पर नगर के पिपला मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष राजेश चेडगे, वरिष्ठ भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने ओर नगर की लाडली बहनो ने बड़ी गर्म जोशी से स्वागत किया।

ओमप्रकाश माहेश्वरी डॉ. वामन राऊत डॉ. पात्रीकर प्रदीप केने प्रदीप माहेश्वरी सुरेश कोठे सुनिल गुहे रमेश ढोक जगदिश त्रिवेदी राजु सोनी जोगीलाल कुमरे नाना बिरे प्रविण माहेश्वरी सम्पत राऊत सजय दरबारे रामराव मदनकर शंकर ठाकरे रमेश तुमाने नामदेव टेकाडे और पिपला नगर जनप्रतिनिधि गमौजूद रहे।

## वेयर हाउस कारपोरेशन के वजन कांटे में कम तौलने का आरोप

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर में जमुनिया रोड पर स्थित एम पी लॉजिस्टिक वेयर हाउस कार्पोरेशन के वजन कांटे में वर्तमान समय में कम तौल का हो रही है। नगर में एक मात्र शासकीय बेयर हाउस होने के कारण यहां पर रखे गए खाद्यान्न को जब उपभोक्ता भंडार वाले खाद्यान्न को उठाते हैं तो उसमें खाद्यान्न की मात्रा 10 से 60 किलो तक कमी पाई जाती है जिसकी भरपाई उपभोक्ता भंडारे वालों को करना मुनासिब नहीं होता यह घटती क्यों निकलती है इसका आज तक कोई विकल्प नहीं निकला है।

**मामला गोटेगांव के एमपी लॉजिस्टिक वेयर हाउस का**

नगर के नागरिकों ने बताया है कि वेयर हाउस में लगा तौल कांटा में गड़बड़ी लाजिमी है यह सब वहीं से होता है गोटेगांव शहर सहित तहसील क्षेत्र में ग्रामों में भी उचित मूल्य की दुकानें केंद्र सरकार द्वारा संचालित भी की जा रही हैं परंतु ये राशन दुकान वाले जब इस वेयर हाउस से खाद्यान्न का उठाव करके जब तौल करवाते हैं तो उन्हें खाद्यान्न कम मिलता है।

आखिर यह मामला क्या है जो नगर एवं राशन दुकान संचालकों में अच्छा खासा जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है एक ऐसा ही नहीं यह कम तौल की शिकायतें हमारे संवाददाता को कई महीनों से मिल रहीं हैं जिसे देखने पर यह मामला सच साबित हो रहा है।विगत दिवस एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है।

जब एक उपभोक्ता भंडार के संचालक ने एम पी लॉजिस्टिक कार्पोरेशन स्थित वेयर हाउस से उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न बांटने माल उठाया तो उसमें 60 किलो खाद्यान्न कम मिला।जब संचालक को कम खाद्यान्न का शक हुआ तो दूसरे वजन कांटे पर खाद्यान्न का वजन करवाया गया तो खाद्यान्न 60 किलो तक कम पाया गया।

अब अगर ऐसा ही होता रहेगा तो क्या उपभोक्ता भंडार वाले यह उचित मूल्य की दुकान चला पाएंगे संबंधित विभाग कुंभकर्णी निद्रा में सो रहा है यह मध्यप्रदेश शासन का नाप तौल विभाग भी सुस्त पड़ा है जिसकी जिम्मेदारी बनती है उसे जिला भर के वजन कांटो का निरीक्षण भी करना चाहिए।

शासन के जवाबदार अधिकारी इस दिशा में ठोस पहल करें।

## 46 वीरों ने किया रक्तदान

**सौसर, देशबन्धु।** रक्तदान शिविर का शुभारंभ सौसर नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप नखाते आर्ट ऑफ़ लिविंग के मुख्य शिक्षक भूपेंद्र मिश्रा के उपस्थिति में किया गया।

शहीद दिवस के अवसर पर 46 रक्त वीरों ने किया रक्तदान जिसमें युथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन नारीशक्ती नौ सदस्य शालिनी भकने सरिता सूर्यवंशी बोरगांव सेजल पगारे कंचन बारापात्रे शिवानी बोडखे वैशाली शेंडे पूजा हिवरकर भाविका उपासे अश्विनी सहारे, योगेश सोमकुंवर, गोपाल कोठे भीमराज बड़वाईक पंकज रंगारे दिनेश पाटील अमीर धराडे हेमंत हिवरकर मोहिनीश हिवरकर 8 सदस्यों ने भी किया।

रक्तदान शिविर में लगभग 46 रक्तवीरों जिसमें 14 नारीशक्ति मे अज्ञात पांच मातृशक्तियों दिया रक्त एवं 32 रक्तवीरों आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख शिक्षक भूपेंद्र मिश्रा चंद्रशेखर उपासे अनिरुद्ध दुपारे विनोद पाटिल कारण वाडेकर अजय पाल मनीष जंभुलकर अमरीश जयसवाल शांताराम सूर्यवंशी हरीश मडके प्रफुल्ल राजनकर नितिन गुरधे हर्षल टीकम मुकेश शिंदे पंकज विश्वकर्मा देवेश धुर्वे अश्विनी बोडखे विनोद बोन्डेकर आकाश कडू वीरेंद्र खंडाईत दिनेश सोमकुवर सुनील डोंगरे सुभाष ठाकरे के द्वारा रक्तदान किया गया।

## बालाजी धाम में श्रीमद् भागवत कथा का समापन आज

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के बालाजी धाम परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में पंचाग्नि पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा के विविध प्रसंगों की मीमांसा जारी है।

आचार्य शिव शंकर शर्मा (मुंबई वाले) एवं टेनगुरिया परिवार के यजमानत्व में आयोजित कथा कार्यक्रम में मुंबई से पधारे रामानुज संप्रदाय के जगतगुरु जनार्दनाचार्य जी महाराज द्वारा भी मंगल प्रवचन किए जा रहे हैं। भाव एवं भक्ति के इस सत्संग कार्यक्रम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुजन उपस्थित होकर गुरुवाणी का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।



**श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह में मातृशक्ति ने दिखाया उत्साह एवं समर्पण**

श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या करते हुए ,कथा व्यास पूज्य आचार्य श्री ने मानवीय जीवन में ईश्वरीय गुणों को अंगीकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्री रामचरितमानस एवं श्रीमद् भागवत कथा उत्कृष्ट मानव जीवन का संदेश देती हैं।

पूज्य कथा व्यास ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से हम सभी को ईश्वरीय कृपा की अनुभूति होती है।

श्री कृष्ण -रुक्मणी विवाह प्रसंग का उल्लेख करते हुए अग्निपीठाधीश्वर ने कहा कि आज के समय में हम लोग भारतीय संस्कृति को छोड़कर पाश्चात्य संस्कृति के पीछे घूम रहे हैं, हमको ईश्वर के मानव अवतार की लीला से सीखते हुए भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ईश्वर के संकीर्तन में सबसे बड़ा सुख है। उन्होंने गोपी संवाद का जिक्र करते हुए कहा कि गोपियों को यमुना के जल का रंग देखकर कन्हैया की याद आती थी यह भावना प्रभु के प्रति भक्तजनों के समर्पण को दर्शाती है ।

कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन.पी. प्रजापति, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरियार, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नासिक से पधारे पूज्य रमण शुक्ला (नर्मदेश्वरी आश्रम) का अभिनंदन यजमान परिवार की ओर से पंडित अरुण शर्मा द्वारा किया गया।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 25 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-श्रवण।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## गर्मी में पेयजल के लिए दल गठित

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशों के परिपालन में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सिवनी द्वारा जिले में ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल समस्याओं की सूचना प्राप्त करने, सम्बधितों को सूचना प्रेषित करने, पेयजल व्यवस्था के लिये आवश्यक कार्यों को किये जाने एवं पेयजल व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को पेयजल संबंधी शिकायतों के तत्परता से निराकरण करने हेतु दल गठित कर जिलास्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नंबर 07692-220560 है।

इसी तरह उपखंड सिवनी अंतर्गत विकासखंड सिवनी एवं कुरई की पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए सहायक यंत्री आर जी गभने मो.नं. 7648825267, उपयंत्री श्रीमती नीतू नागेश्वर (सिवनी) मो नं. 7987323864 एवं उपयंत्री दिनेश आर्मो (कुरई) मो. नं.9039778316 एवं कु. ऐश्वर्या पुशाम मो.नं. 7249894598 को नियुक्त किया गया है।

उपखंड छपारा अंतर्गत छपारा एवं

**जिलास्तरीय कंट्रोल रूम में 07692-220560 नंबर पर कर सकते हैं शिकायत**

धनौरा के लिए सहायक यंत्री आर.जी. गभने मो.नं. 7648825267, उपयंत्री दीपक धुर्वे (छपारा) मो.नं. 7089662104 एवं उपयंत्री श्रीमती ज्ञानेश्वरी (धनौरा) मो.नं. 8989624811, उपखंड केवलारी अंतर्गत विकासखंड केवलारी एवं बरघाट के लिए सहायक यंत्री बी.एल. हरिनखेड़े मो.नं. 9425843252, उपयंत्री लोकेश उईके (केवलारी) मो.नं. 8109256356 को एवं उपयंत्री इम्लेश्वरी कावरे (बरघाट) 7974218363 को नियुक्त किया गया है।

उपखंड लखनादौन अंतर्गत लखनादौन एवं घंसौर के लिए सहायक यंत्री हर्षित बैस मो नं. 8492940976, उपयंत्री कु. मनीषा उईके (लखनादौन) मो नं.7566090915 एवं उपयंत्री संदीप राठौर मो नं.9131798887 को नियुक्त किया गया है वहीं उपयंत्री अकलेश उइके मों.नं. 7566864758 को एवं धनीराम नाथ मो.नं. 9406706058 को घंसौर को नियुक्त किया गया है।

विकासखण्डों में पेयजल समस्या एवं हैण्डपंप खराब होने पर आमजन/ ग्रामीण जिलास्तरीय कंट्रोल रूम 0792-220560 पर या विकासखण्डवार संबंधित उक्त अधिकारियों से संपर्क कर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।